अनुक्रमांक

नाम

# 102/1 304(DD)

## 2015

## सामान्य हिन्दी

### प्रथम प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 50

निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) 'प्रेम सागर' के रचनाकार हैं

i) सदल मिश्र ii) लल्लूलाल

iii) सदासुखलाल iv) इंशा अल्ला खाँ । 1

ख) 'परीक्षा गुरु' के लेखक हैं

i) हजारीप्रसाद द्विवेदी

ii) सदल मिश्र

iii) लक्ष्मण सिंह

iv) श्रीनिवास दास । 1

ग) 'इन्दुमती' है

i) प्रथम कहानी ii) प्रथम उपन्यास

iii) निबन्ध iv) इनमें से कोई नहीं । 1



https://www.upboardonline.com



घ) रामवृक्ष बेनीपुरी की रचना है

i) बोल्गा से गंगा तक

ii) वाग् विलास

iii) पतितों के देश में

iv) चिन्तामणि । 1

ङ) 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' के लेखक हैं

i) हजारीप्रसाद द्विवेदी

ii) रामचन्द्र शुक्ल

iii) डॉ० नगेन्द्र

iv) डॉ० रामकुमार वर्मा । 1

2. क) हिन्दी का प्रथम कवि माना जाता है

i) शबरपा ii) सरहपा

iii) लुइपा iv) कण्हपा । 1

ख) विनय पत्रिका के रचयिता हैं

i) तुलसीदास ii) अग्रदास

iii) नाभादास iv) चतुर्भुजदास । 1

ग) रीतिमुक्त कवि हैं

i) बिहारी ii) भूषण

iii) केशव iv) घनानन्द । 1

घ) 'तारसप्तक' का प्रकाशन वर्ष है

i) 1954 ii) 1955

iii) 1943 iv) 1944. 1

ङ) 'कामायनी' रचना है

i) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की

ii) महादेवी वर्मा की

iii) जयशंकर प्रसाद की

iv) धूमिल की । 1



https://www.upboardonline.com

3\. क) निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 + 5 = 7

i) इस अभागे आलसी देश में जो कुछ हो जाय वही बहुत है । हमारे हिन्दुस्तानी लोग रेल की गाड़ी हैं । यद्यपि फर्स्ट क्लास, सेकेण्ड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी-अच्छी और बड़े-बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी हैं पर बिना इंजन सब नहीं चल सकतीं, वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते । इनसे इतना कह दीजिए 'का चुप साधि रहा बलवाना' फिर देखिए हनुमान जी को अपना बल कैसे याद आता है । सो बल कौन याद दिलावे ।

ii) प्रेम की भाषा शब्द-रहित है । नेत्रों की, कपोलों की, मस्तक की भाषा भी शब्द-रहित है । जीवन का तत्व भी शब्द से परे है । सच्चा आचरण-प्रभाव, अचल-स्थित संयुक्त आचरण न तो साहित्य के लंबे व्याख्यानों से गठा जा सकता है; न वेद की श्रुतियों के मीठे उपदेश से; न अंजील से; न कुरान से; न धर्म-चर्चा से; न केवल सत्संग से । जीवन के अरण्य में धँसे हुए पुरुष के हृदय पर प्रकृति और मनुष्य के जीवन के मौन व्याख्यानों के यत्न से सुनार के छोटे हथौड़े की मन्द-मन्द चोटों की तरह आचरण का रूप प्रत्यक्ष होता है ।



https://www.upboardonline.com



ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** सूक्ति की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 1 + 2 = 3

i) गेहूँ हम खाते हैं, गुलाब हम सूँघते हैं । एक से शरीर की पुष्टि होती है, दूसरे से हमारा मानस तृप्त होता है ।

ii) जहाँ ज्ञान होती है, वहाँ शक्ति होती है ।

iii) गेहूँ सिर धुन रहा है खेतों में, गुलाब रो रहा है बगीचों में ।

4\. क) निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 + 5 = 7

i) अब कै राखि लेहु भगवान ।
हौं अनाथ बैठ्यौ द्रुम-डरिया, पारधि साधे बान ।
ताकैं डर मैं भाज्यौ चाहत, ऊपर दुक्यो सचान ।
दहुँ भाँति दुख भयौ आनि यह, कौन उबारै प्रान ?
सुमिरत ही अहि डस्यौ पारधी, कर छूट्यौ संधान ।
सूरदास सर लग्यौ सचानहिं, जय-जय कृपानिधान ॥

ii) शक्ति के विद्युत्कण, जो व्यस्त
विकल बिखरे हैं, हो निरुपाय;
समन्वय उसका करे समस्त
विजयिनी मानवता हो जाय ।



https://www.upboardonline.com

ख) निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी **एक** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 1 + 2 = 3

i) तुलसी स्वारथ मीत सब, परमारथ रघुनाथ ।

ii) मैं नीर भरी दुःख की बदली ।

iii) चाहिए नर को नया कुछ और जग विस्तीर्ण ।

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए : 2 + 2 = 4

i) सरदार पूर्णसिंह

ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

iii) हजारीप्रसाद द्विवेदी ।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए : 2 + 2 = 4

i) रामधारी सिंह 'दिनकर'

ii) सुमित्रानन्दन पन्त

iii) कविवर बिहारी ।

7. क) 'आकाशदीप' **अथवा** 'बलिदान' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । 4

**अथवा**

'पंचलाइट' **अथवा** 'लाटी' कहानी का सारांश लिखिए ।



https://www.upboardonline.com



ख) स्वपठित नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : 4

i) 'राजमुकुट' नाटक के आधार पर प्रताप सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'राजमुकुट' का कथानक अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कुहासा और किरण' के द्वितीय अंक का कथानक अपने शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

'कुहासा और किरण' के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

iii) 'आन का मान' नाटक की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

**अथवा**

'आन का मान' नाटक के आधार पर उस प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए जिसने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया हो ।

iv) 'गरुडध्वज' नाटक के दूसरे अंक का कथासार अपने शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

'गरुडध्वज' नाटक के मुख्य पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।



https://www.upboardonline.com

v) 'सूतपुत्र' नाटक का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

**अथवा**

'सूतपुत्र' नाटक के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

8. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी **एक** खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 4

i) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का सारांश लिखिए ।

ii) 'रश्मिरथी' के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'रश्मिरथी' के सप्तम् सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

iii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर महात्मा गाँधी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

[ Turn over



https://www.upboardonline.com



iv) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर हर्षवर्धन के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए ।

**अथवा**

'त्यागपथी' के तीसरे सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

v) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर दशरथ का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

vi) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के नायक के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**304(DD) - 3,00,000**

**https://www.upboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**